web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 05 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 278

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यासससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## अब बड़ा इतिहास रचने की तैयारी में भारत, अंतरिक्ष व गहरे समुद्र में भेजेगा पहला मानव

**भारत 2025 तक अंतरिक्ष व गहरे समुद्र में भेजेगा पहला मानव : केंद्रीय मंत्री**

**नई दिल्ली** । आरएनएस




केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत 2025 तक अंतरिक्ष और गहरे समुद्र में पहला मानव भेजेगा।

मंत्री ने कहा, भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए चार अंतरिक्ष यात्रियों - तीन ग्रुप कैप्टन और एक विंग कमांडर का चयन किया गया है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के गगनयान मिशन का लक्ष्य अंतरिक्ष में तीन दिवसीय मानव मिशन भेजना है। मिशन पृथ्वी से 400 किलोमीटर ऊपर परिक्रमा कर वापस लौटेगा।

भारतीय वायुसेना के चार ग्रुप कैप्टन - प्रशांत बालकृष्णन नायर, अजीत कृष्णन और अंगद प्रताप तथा विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला को 2025 के लिए निर्धारित मिशन के लिए चुना गया है।

मंत्री ने यह भी बताया कि भारत का डीप-सी मिशन 2025 में तीन भारतीयों को गहरे समुद्र में भेजेगा।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) की पहल 'समुद्रयान' के नाम से जानी जाने वाली यह पहल स्वदेशी रूप से विकसित मानवयुक्त पनडुब्बी वाहन मत्स्य 6000 पर सवार होकर मध्य हिंद महासागर में 6,000 मीटर की गहराई तक जाने वाला एक चालक दल अभियान होगा।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ने अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की हाल की उपलब्धियों के बारे में भी बताया।

उन्होंने कहा कि रॉकेट और उपग्रहों को लॉन्च करने के अलावा, अंतरिक्ष क्षेत्र कृषि, बुनियादी ढांचे, संचार, स्वास्थ्य सेवा आदि पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा।

उन्होंने कहा,2022 में हमारे पास केवल एक अंतरिक्ष स्टार्टअप था और 2024 में अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोलने के बाद हमारे पास लगभग 200 स्टार्टअप होंगे और उनमें से कई की वैश्विक क्षमता है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ ही महीनों में अंतरिक्ष क्षेत्र में 1,000 करोड़ रुपये का निजी क्षेत्र का निवेश आया है।

## स्पीकर बिरला ने बदले शपथ के नियम, शपथ के समय नारे लगाने या कुछ और बोलने पर लगाई रोक

**नई दिल्ली** । आरएनएस



18 वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान एआईएमआईएम मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने संसद सदस्यता की शपथ लेने के बाद सदन में 'जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और सबसे आखिर में 'जय फिलिस्तीन' का नारा लगा कर एक नया विवाद खड़ा कर दिया था। ओवैसी के अलावा कई अन्य सांसद भी संसद सदस्यता की शपथ लेने से पहले या बाद में सदन में नारे लगाते हुए भी नजर आए। इस पर विवाद बढ़ने के बाद अब लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों के शपथ ग्रहण को लेकर नियम को बदलते हुए इसे और ज्यादा कठोर बना दिया है।

नए नियम के मुताबिक, अब भविष्य में शपथ लेने वाले निर्वाचित सांसदों को संविधान के अंतर्गत शपथ के प्रारूप के अनुसार ही शपथ लेना होगा। अब सांसद शपथ लेते समय न तो नारे लगा पाएंगे और न ही अपने शपथ में कोई और शब्द जोड़ पाएंगे।

लोकसभा अध्यक्ष के निर्देश के मुताबिक, लोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों (सत्रहवें संस्करण) के नियम 389 में बदलाव कर दिया गया है। नियम 389 के निर्देश-1 में खंड – 2 के बाद अब एक नया खंड-3 जोड़ा गया है। इसके मुताबिक, एक सदस्य भारत के संविधान की तीसरी अनुसूची में इस उद्देश्य के लिए निर्धारित प्रपत्र के अनुसार, ही शपथ लेगा और उस पर हस्ताक्षर करेगा। शपथ के साथ उपसर्ग या प्रत्यय के रूप में कोई भी टिप्पणी या किसी भी अन्य शब्द या अभिव्यक्ति का उपयोग नहीं करेगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### करंट की चपेट में आने से दो की मौत

**रायबरेली (आरएनएस)।** भदोखर थाना क्षेत्र मे दो अलग-अलग दुर्घटना मे करंट की चपेट में आने से दो की मौत हो गई। पहली घटना बुधवार देर शाम दुर्गा दीन यादव 45 वर्ष पुत्र ईश्वर दीन निवासी पुरे मुरली मजरे बेला भेला घर में लगे फर्राटा पंखे मे प्लग लग रहे थे तभी प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आ गए पति को करंट की चपेट में आता देख पत्नी भी दौड़ी लेकिन पत्नी भी झुलस गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के घरों से निकले लोग किसी तरह फर्राटा पंखे में उतरे करंट तार को हटाया। आनन फानन उपचार हेतु सीएससी ले जाया गया जहां रास्ते में ही दुर्गा दीन यादव की मौत हो चुकी थी। वही पत्नी का इलाज बेला भेला सीएससी में चल रहा है। दूसरी घटना गुरुवार सुबह अजय 35 वर्ष निवासी पुरे सिकूराई मजरे बेला घुसीसी बाथरूम में करंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया।इलाज के लिए एम्स लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडेय ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है

### जबलपुर में मोटरसाइकिल पर पिकअप वाहन पलटा, 3 की मौत

**जबलपुर (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में गुरुवार की सुबह एक हादसा हो गया। यहां एक पिकअप वाहन मोटरसाइकिल सवार पर पलट गया और इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बरगी थाना क्षेत्र में जबलपुर-नागपुर हाईवे पर गुरुवार की सुबह एक पिकअप वाहन मोटर साइकिल सवारों के ऊपर पलट गया। बरगी थाने के प्रभारी कमलेश चौरिया ने आईएएनएस को बताया कि मोटर साइकिल पर जा रहे तीन लोग जिनमें एक महिला, बच्ची और पुरुष शामिल थे, तीनों की मौत हो गई है। यह हादसा चूरिया गांव के पास हुआ। जबलपुर-नागपुर हाईवे काफी व्यस्त मार्ग है और इस पर बड़ी तादाद में वाहनों की आवाजाही रहती है। गुरुवार की सुबह भी इस मार्ग पर वाहन अपनी रफ्तार से दौड़े जा रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार से भागता पिकअप वाहन अनियंत्रित हो गया और समानांतर जा रहे मोटर साइकिल सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। परिणामस्वरुप मोटर साइकिल पर सवार तीनों की मौत हो गई। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजे गए हैं।

### कनाडा में हेलीकॉप्टर दुर्घटना का शिकार, पायलट की मौत, 2 यात्री घायल

**ओटावा ।** पश्चिमी कनाडा में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि निजी स्वामित्व वाला हेलीकॉप्टर बीती शाम बी.सी.अलबर्टा सीमा के पास ब्रिटिश कोलंबिया के कोलंबिया घाटी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में पायलट की मौत हो गई और बचे हुए यात्रियों को ऐसी चोटों के साथ अस्पताल ले जाया गया जो जानलेवा नहीं थीं। रिपोर्ट में कहा गया कि दुर्घटना की जांच दोनों बी.सी. कोरोनर्स सर्विस और संघीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड द्वारा की जा रही है।

### राहुल गांधी के खिलाफ जंतर-मंतर पर हिंदू शक्ति संगम का होगा आयोजन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज को लेकर दिए गए बयान पर देशभर में विरोध लगातार जारी है। संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं के अपमान के विरोध में अब विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले कई हिंदू संगठनों और साधु-संत 9 जुलाई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर हिंदू शक्ति संगम कार्यक्रम करेंगे। इससे पहले राहुल गांधी के बयान के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा (भाजयुमो) और विभिन्न प्रदेशों के पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को देशभर में सडक़ों पर उतरकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था और कांग्रेस नेता से बिना शर्त माफी मांगने की मांग की थी। राहुल गांधी के बयान को लेकर एक ओर भाजपा जहां राजनीतिक रूप से देशभर में अभियान चलाकर राहुल गांधी और कांग्रेस को घेरना चाहती है, वहीं, विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य हिंदू संगठन हिंदुओं के अपमान के मुद्दे को जोर-शोर से उठाकर सामाजिक स्तर पर कांग्रेस और राहुल गांधी को घेरने की कोशिश कर रहे हैं ताकि हिंदुओं के अपमान के मुद्दे पर हिंदू समाज के बीच एक संदेश दिया जा सके।

## हाथरस हादसे के बाद संत प्रेमानंद ने लिया बड़ा फैसला, पदयात्रा अनिश्चितकाल के लिए की बंद

**वृन्दावन** । आरएनएस

हाथरस में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत से सबक लेते हुए संत प्रेमानन्द ने रोजाना तडक़े निकलने वाली पदयात्रा अनिश्चितकाल के लिये बंद कर दी है। संत के दर्शन करने के लिये पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। संत प्रेमानन्द रोजाना रात करीब 2:15 बजे छटीकरा मार्ग स्थित अपने आवास से पदयात्रा करते हुए परिक्रमा मार्ग स्थित अपने आश्रम श्रीहित राधा केली कुंज पहुंचते हैं। यहां उनके प्रवचन और एकांतिक वार्ता का कार्यक्रम होता है।

संत के दर्शन करने के लिये उनके आवास से आश्रम तक करीब दो किलोमीटर तक भक्तों की भीड़ जुट जाती है। दर्शन पाने को ललियत भक्तों को संत के परिकरों द्वारा नियंत्रित किया जाता है। भीड़ के मद्देनजर पदयात्रा पर रोक लगाने का फैसला लिया गया है। इस सम्बन्ध में श्रीहित राधा केली कुंज की ओर से अपने सोशल मीडिया पेज भजन मार्ग पर अपील डाली गई है। जिसमें कहा गया है कि हाथरस में हुई घटना बहुत ही हृदय विदारक व अत्यंत दु:खद है, जिसमें हम सबकी गहन सवेदनाएं परिजनों के साथ हैं। भविष्य में ऐसी कोई भी घटना ना घटे, ऐसी ठाकुर जी के चरणों में प्रार्थना है।

उपरोक्त घटना के संदर्भ में सावधानी बरतते हुए महाराजजी, जो पद यात्रा करते हुए रात्रि 02:15 बजे से श्री हित राधा केलि कुंज जाते थे, जिसमें सब दर्शन पाते थे, वो अनिश्चित काल के लिए बंद किया जाता है। कृपया कोई भी श्रद्धालु रात्रि में रास्ते में दर्शन हेतु खड़े ना हों, ना ही रास्ते में किसी प्रकार की भीड़ लगाएं।

## पुलिस की बड़ी कार्यवाई : भोले बाबा के 6 सेवादार गिरफ्तार, सत्संग के आयोजक पर 1 लाख का इनाम घोषित

**हाथरस** । आरएनएस



यूपी के हाथरस में हुए भगदड़ मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आयोजन समिति के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें चार पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं।

इनकी पहचान राम लड़ैते, उपेंद्र सिंह, मेघ सिंह, मुकेश कुमार, मंजू यादव और मंजू देवी के रूप में हुई है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि यह लोग आयोजन समिति से जुड़े थे। इन्होंने इससे पहले भी कई कार्यक्रमों का आयोजन करवाया है। इन लोगों का काम पंडाल की व्यवस्था और लोगों को एकत्रित करना था। यूपी पुलिस ने मुख्य आयोजक वेद प्रकाश मधुकर के ऊपर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। अब, वेद प्रकाश मधुकर के खिलाफ एनबीडब्ल्यू का नोटिस जारी कराया जा रहा है।

वहीं, सभी की गिरफ्तारी पर अलीगढ़ रेंज के आईजी शलभ माथुर ने कहा, सभी से हम लगातार पूछताछ कर रहे हैं। पूछताछ में कई तरह की परतें खुलकर सामने आ रही हैं। जैसे-जैस विवेचना आगे बढ़ेगी, तो वस्तुस्थिति स्पष्ट होगी कि आखिर मामले की सच्चाई क्या है? इसके बाद विवेचना अधिकारी तय करेगा कि इस मामले में किसकी क्या भूमिका है। दूसरी तरफ भोले बाबा की गिरफ्तारी कब तक होगी, यह सवाल पूछे जाने पर आईजी शलभ माथुर ने कहा, आगे किसकी गिरफ्तारी होती है और किसकी नहीं? यह विवेचना पर निर्भर करेगा। आगे विधिवत जांच की जाएगी। उधर, पुलिस ने मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर पर 1 लाख का इनाम घोषित किया है। वह अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है।

बता दें कि मंगलवार को हाथरस में भोले बाबा के कार्यक्रम में मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी और कई घायल हो गए थे। प्रदेश सरकार ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने का ऐलान किया है। इसके अलावा, सरकार की ओर से एक समिति गठित की गई है, जिसे इस पूरे मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया है।

## बिहार में बारिश ने बढ़ाई परेशानी; अस्पताल और स्कूल परिसर भी जलमग्न

**पटना (आरएनएस)।** बिहार में बारिश के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गोपालगंज के सदर अस्पताल में बारिश का पानी घुस गया है। इस कारण मरीजों और डॉक्टरों को भारी परेशानी हो रही है। वहीं कचहरी परिसर और जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय परिसर में बारिश के पानी के कारण लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। इधर, मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बारिश की संभावना जताई है। गोपालगंज में सदर अस्पताल के परिसर और इमरजेंसी वार्ड में बारिश का पानी भर गया है। मरीजों को ऑक्सीजन सप्लाई करने वाली ऑक्सीजन कंसनट्रेटर मशीन, स्ट्रेचर, व्हील चेयर सब पानी में डूब गए हैं। बताया जा रहा है कि इमरजेंसी वार्ड में सिलेंडर के जरिये मरीजों को ऑक्सीजन चढ़ाया जा रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं, जिससे अस्पताल के डॉक्टर से लेकर स्वास्थ्यकर्मी और मरीज परेशान हैं। मरीजों को गंदे पानी से संक्रमण फैलने का खतरा सता रहा है, जबकि अस्पताल प्रशासन लाचार बना हुआ है। गोपालगंज के सिविल सर्जन वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड का निर्माण ही गलत कराया गया है। यही वजह है कि हल्की बारिश में भी अस्पताल में पानी घुस जाता है। मोटर से पानी निकालने की व्यवस्था की जा रही है।

## बिहार में गिरते पुल-पुलियों को लेकर सरकार हुई सजग, विपक्ष ने साधा निशाना

**पटना** । आरएनएस

बिहार में गिरते पुल-पुलियों को लेकर सरकार अब जहां सजग दिख रही है, वहीं इसे लेकर राजनीति भी खूब हो रही है। विपक्ष सत्ता पक्ष को इस मुद्दे को लेकर घेर रहा है।

बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने गुरुवार को पुल गिरने की घटनाओं पर सत्ता पक्ष पर जोरदार कटाक्ष करते हुए अपने आधिकारिक एक्स एकाउंट पर लिखा कि चार जुलाई की सुबह बिहार में एक पुल और गिरा। कल तीन जुलाई को ही पांच पुल गिरे।

उन्होंने आगे लिखा, जून से लेकर अभी तक पुल ध्वस्त हो चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन उपलब्धियों पर एकदम खामोश एवं निरुत्तर हैं। सोच रहे हैं कि इस मंगलकारी भ्रष्टाचार को जंगलराज में कैसे परिवर्तित करें?

उन्होंने आगे तंज कसते हुए लिखा, सदैव भ्रष्टाचार, नैतिकता, सुशासन, जंगलराज, गुड गवर्नेंस इत्यादि पर राग अलाप कर दूसरों में गुण दोष के खोजकर्ता, कथित उच्च समझ के उच्च कार्यकर्ता, उन्नत कोटि के उत्कृष्ट पत्रकार सह पक्षकार तथा उत्तम विचार के श्रेष्ठ लोग अंतरात्मा का गला घोंट इन सुशासनी कुकृत्यों पर चुप्पी की चादर ओढ़ सदाचारी बन चुके हैं।

इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को समीक्षा बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग को भी पथ निर्माण विभाग की तरह मेंटेनेंस पॉलिसी बनाने के निर्देश दिए।

जल संसाधन विभाग भी अब पुल गिरने की घटनाओं पर सचेत हुआ है। विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने कहा है कि गोपालगंज जिले के बरौली प्रखंड सहित सीवान जिले के महाराजगंज, दरौंदा और लहलादपुर में छाड़ी नदी पर बने दशकों पुराने पुल, पुलिया जर्जर हो चुके हैं, उनकी जगह नए बनाए जाएंगे। विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त पुल की जांच उडऩदस्ता संगठन से कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन पर कार्रवाई की जायेगी।

## ब्राजील में बाढ़ का कहर, मरने वालों की संख्या 180 हुई

**साओ पाउलो**



दक्षिणी ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में कई हफ्ते से बाढ़ का कहर जारी है। यहां पर बाढ़ से कम से कम 180 लोगों की मौत हो गई है और 32 लोग लापता बताए जा रहे हैं।

रियो ग्रांडे डो सुल में 29 अप्रैल को मूसलाधार बारिश शुरू हुई और कई दिनों तक जारी रही। इसके कारण पूरे राज्य के शहर जलमग्न हो गए। जून के मध्य में बाढ़ कम होने के बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू हुआ।

एजेंसी ने एक रिपोर्ट में कहा कि खराब मौसम के कारण राज्य की राजधानी पोर्टो एलेग्रे समेत 478 शहरों के लगभग 2,398,255 निवासी प्रभावित हुए हैं। साथ ही 450,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

सामाजिक संचार सचिव पाउलो पिमेन्टा के मुताबिक, ब्राजील सरकार ने रियो ग्रांडे डो सुल के पुनर्निर्माण के लिए 85.7 बिलियन रियल (लगभग 15.4 बिलियन डॉलर) आवंटित किए हैं। उरुग्वे और अर्जेंटीना की सीमा पर स्थित कृषि प्रधान राज्य रियो ग्रांडे डो सुल को इस आपदा से रिकॉर्ड आर्थिक नुकसान हुआ है।

## राजस्थान की सियासत में बड़ी हलचल, कैबिनेट मंत्री मीणा ने पद से दिया इस्तीफा, सीएम भजनलाल को भेजा पत्र

**जयपुर** । आरएनएस

राजस्थान में लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों के बाद लग रही अटकलों पर अब आखिरकार मुहर लग गई है। राजस्थान भाजपा के कद्दावर नेता और भजनलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। जानकारी के मुताबिक, किरोड़ी लाल मीणा ने कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है और अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री भजनलाल को भेज भी दिया है।

दरअसल कांग्रेसी नेता लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। क्योंकि चुनाव के समय किरोड़ीलाल मीणा ने कहा था कि अगर पूर्वी राजस्थान की 7 सीटों में से बीजेपी एक भी हारती है तो वह इस्तीफा दे देंगे। दौसा सीट पर भी बीजेपी हार गई थी। इन सात सीटों में से बीजेपी 4 सीटें हार गई जिनमें दौसा, करौली-धौलपुर, टोंक-सवाई माधोपुर और भरतपुर सीट शामिल है।

इससे पहले जब किरोड़ीलाल मीणा के कैबिनेट बैठक में शामिल नहीं होने को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। इसी नाते मैं कैबिनेट की बैठक में शामिल नहीं हुआ। हालांकि सीएम भजनलाल ने मुझसे कहा कि आपका इस्तीफा स्वीकार नहीं करेंगे। किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि कोई नाराजगी नहीं, हालांकि मैंने पब्लिक में कहा था कि बीजेपी 7 सीटों में किसी पर भी हारी तो इस्तीफा दे दूंगा, इसलिए मैंने इस्तीफा दे दिया। किरोड़ी लाल मीणा राज्यसभा से सांसद थे। राजस्थान विधानसभा चुनाव में उन्हें सवाई माधोपुर से मैदान में उतारा था और उन्होंने जीत हासिल की थी। आपको बता दें कि किरोड़ी लाल मीणा 2 बार लोकसभा के सांसद भी रह चुके हैं। इसके अलावा वह पहले भी 5 बार विधायक रह चुके हैं।

## आगरा : प्रेम की निशानी का दीदार करने पहुंची 30 देशों की 110 विश्व सुंदरियां

**आगरा** । आरएनएस



प्रेम की निशानी ताजमहल को देखने के लिए हर साल देश-विदेश से हजारों लोग आगरा पहुंचते हैं। इसके आकर्षण से कोई नहीं बच पाता चाहें वो विश्व सुंदरियां ही क्यों न हों!

वैसे तो ताज को देखने वाले पर्यटकों के लिए यह हमेशा बेहद खास होता है, लेकिन आज ताजमहल का नजारा कुछ अलग था। वो इसलिए क्योंकि विश्व प्रसिद्ध खूबसूरत ताज का दीदार करने विश्व सुंदरियां पहुंची थी। 30 देशों की 110 सुंदरियों ने ताज को करीब से निहारा और इससे खासी आकर्षित दिखीं।

सुंदरियां बेहद खुश और उत्साहित नजर आई। इनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। सुरक्षा कर्मियों के घेरे में सभी विश्व सुंदरियों ने ताजमहल का दीदार किया।

ताज की सुंदरता को देखने के बाद विश्व सुंदरियों के चेहरे पर एक अलग ही चमक दिखी। ताज कीअद्भुत वास्तुकला देख विश्व सुंदरियां अवाक रह गई। यही वजह है कि मीडिया से रूबरू हुई तो मुंह से 'वाह ताज' निकला।

विश्व सुंदरियों ने ताजमहल के इतिहास को जानने में भी खास रुचि दिखाई। उन्होंने टूरिस्ट गाइड से शाहजहां मुमताज की दास्तां सुनाते मकबरे का इतिहास जाना। साथ ही इस पर की गई अद्भुत वास्तुकला की बारीकियों के बारे में भी जानकारी ली।

भारत में इस साल मिस टीन इंटरनेशनल-2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 30 देशों की सुंदरी भाग ले रही हैं। इस प्रतियोगिता में भारत के अलावा साउथ अफ्रीका, स्पेन, श्रीलंका, थाईलैंड, युगांडा, यूएसए, वेनेजुएला, वियातनाम, जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, बोस्टवाना, ब्राजील, कंबोडिया, क्यूबा, डोमिनियन रिपब्लिक, इंग्लैंड, फिजी, जर्मनी, इंडोनेशिया, जापान, लिथुआनिया, मैक्सिको, मंगोलिया, नमीबिया, नेपाल, नीदरलैंड और फिलीपींस की सुंदरी शामिल हैं।

इनके साथ पिछले साल की विनर मिस टीन इंटरनेशनल बारबरा परागा भी भारत पहुंची हैं, जो 7 जुलाई को अपने उत्तराधिकारी को ताज पहनाएंगी।

मुगल बादशाह शाहजहां ने अपनी बेगम मुमताज की याद में ताजमहल बनवाया था। इस खूबसूरत ताज का निर्माण 17वीं सदी में हुआ था, जिसे बनाने में करीब 22 साल लगे थे। 1983 में यूनेस्को ने ताज को विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल किया था।